**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

**राजभवन में दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी सम्पन्न**

**राज्यपाल ने पुरस्कार वितरण कर किया समापन**

**राजभवन के उद्यान 25 फरवरी से 10 मार्च तक आम नागरिकों के लिए खुलेंगे**

लखनऊ 18 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने प्रादेशिक फल-शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2018 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि राजभवन गणतंत्र दिवस समारोह, स्वाधीनता दिवस समारोह, योगाभ्यास तथा प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी का साक्षी है। हर समारोह की अपनी विशेषता होती है किन्तु पुष्प प्रदर्शनी अपने आप में अलग महत्व रखती है। राजभवन प्रागंण में आयोजित होने वाली इस प्रादेशिक प्रदर्शनी का प्रारम्भ 1936 में 82 वर्ष पूर्व हुआ था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने की दृष्टि से गत वर्ष उनके कर्ज भी माफ किए थे। उन्नत प्रकार के फूल, फल, शाकभाजी को बढ़ावा देने की दृष्टि से आयोजित इस प्रदर्शनी का लाभ किसानों तथा फल-फूल से जुड़े व्यवसाय करने वालों को पहुँचना चाहिए। किसानों को उचित मार्गदर्शन मिलने के साथ-साथ उनके ज्ञान में वृद्धि हो तो उपज और अच्छी हो सकती है। खाद्य प्रसंस्करण एवं फसलों के उचित संरक्षण से किसानों की आय दोगुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसान वैज्ञानिक जानकारी का लाभ उठायें।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश खाद्यान्न आज उत्पादन में आत्मनिर्भर है। देश 1947 में आजाद हुआ था उस समय देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं था। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री ने अनाज की कमी तथा सेना को ताकत देने के लिये सप्ताह में एक दिन उपवास की बात करते हुए 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया था। परमाणु परीक्षण के समय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस नारे में 'जय विज्ञान' जोड़ा। परमाणु परीक्षण के बाद विकसित देशों ने भारत पर आर्थिक पांबदी लगा दी थी। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज की जनसंख्या में तीन गुणा वृद्धि हुई है। किसानों की मेहनत और कृषि संवर्द्धन के कारण हम खाद्यान्न में आत्मनिर्भर हुए हैं और निर्यात की स्थिति में भी हैं। उत्तर प्रदेश की भूमि उपजाऊ है और अनेक नदियों के कारण सिंचाई की भी उचित सुविधा है। किसानों को सही दिशा मिले तो ज्यादा लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के किसानों में शक्ति है, उनको आगे ले जाने के लिये उचित प्रोत्साहन एवं सहयोग की जरूरत है।

राज्यपाल ने समापन समारोह में घोषणा की कि राजभवन उद्यान आम नागरिकों के लिए 25 फरवरी से 10 मार्च, 2018 तक 2 से 5 बजे तक खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर 1 एवं 2 मार्च, 2018 को राजभवन उद्यान बंद रहेगा।

इस प्रदर्शनी में कुल 48 वर्गों की आयोजित प्रतियोगिताओं में अधीक्षक राजभवन उद्यान लखनऊ ने सर्वाधिक पुरस्कार अर्जित किए, जिसके लिए इनको स्व0 शुभम सिंह, मेमोरियल चल कप एवं नगद रू0 7,000/- की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रदर्शनी में श्री अब्दुल हसन, रूचि खण्ड-2, शारदा नगर योजना, रायबरेली रोड लखनऊ को वरबीना प्रजाति के पुष्प को प्रदर्शनी का सर्वोत्तम प्रदर्श घोषित किया गया, जिसके लिए इन्हें स्व0 श्री जंग बहादुर सिंह मेमोरियल चल कप प्रदान करने के साथ ही नगद रू0 3,000/- देकर पुरस्कृत किया गया। सर्वोत्तम गुलाब का पुरस्कार श्री राम नरेश, वरिष्ठ माली एच0ए0एल0 फैजाबाद रोड, लखनऊ द्वारा प्रदर्शित गुलाब को दिया गया, जिसके लिए इन्हें स्व0 श्रीमती कृपा सिन्हा चल वैजयन्ती प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलात्मक पुष्प सज्जा के विभिन्न वर्गों में अरनव सिंह, अन्नत सिंह, कु0 पहल, कु0 आदविक झील प्रभाकर, प्रशंसा सिंह, एलीना चित्रांशी तथा आराध्या जायसवाल को अव्वल घोषित किया गया।

प्रदर्शनी में (भाग-2 क्लास-33 वर्ग-476) औषधीय उद्यान में डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी, प्रभारी चिकित्साधिकारी आयुर्वेद एवं प्रभारी अधिकारी धन्वनतरि वाटिका, राजभवन लखनऊ, स्व0 माम चन्द राठी मेमोरियल चल कप प्रदत्तकर्ता श्रीमती सावित्री देवी राठी (भाग-2 क्लास-2 गमलों में जाड़े के मौसली फूलों के पौंधे) अधीक्षक राजभवन उद्यान लखनऊ, मेसर्स मलिक नर्सरी चल कप (भाग-2 क्लास-4 सदाबहार पत्ती वाले तथा अन्य गमलों के पौधो के लिए) उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ, श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती (भाग-2 क्लास-6 गमलों के कलात्मक समूह के लिए) वरिष्ठ रजिस्ट्रार माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ, श्री राज्यपाल चल वैजयन्ती, श्रीमती बृजरानी देवी

चल कप (भाग-2 क्लास-14 फूलों से बनी आकृतियाँ) रंगोली, जनशिक्षण संस्थान, कानपुर रोड लखनऊ, मेसर्स भारत एण्ड कम्पनी चल वैजयन्ती (भाग-2 क्लास-27 डहेलिया के कटे फूल) उद्यान अधीक्षक नगर निगम लखनऊ, पं0 स्व0 श्री राम स्वरूप शर्मा चल वैजयन्ती (भाग-2 क्लास-32 वर्ग-424) श्री प्रशांत कुमार सिंह, 6-ए विक्रमादित्य मार्ग बंदरियाबाग लखनऊ, हरीतिमा चल बैजयन्ती, (भाग-2 क्लास-32 वर्ग-430) श्री अजय प्रताप सिंह, निदेशक, आई0आर0टी0ए0एम0 हरदोई रोड लखनऊ, श्री केसरवानी रनिंग शील्ड (भाग-2 क्लास-32 वर्ग-435) पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक दूरसंचार पुलिस रेडिया मुख्यालय महानगर लखनऊ को अपने-अपने श्रेणियों में सर्वोत्तम घोषित करते हुए राज्यपाल द्वारा चल वैजयन्ती/शील्ड/ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रदर्शनी के अन्तर्गत 10,000, 5,000 तथा 2,000 वर्गमीटर के राजकीय उद्यानों की श्रेणी में क्रमशः सआदत अली खाॅं का मकबरा, राजकीय उद्यान बड़ा इमामबाड़ा तथा राजकीय उद्यान छोटा इमामबाड़ा के साथ-साथ राजकीय अतिथि गृह उद्यान 3,000 वर्गमीटर में वी0वी0आई0पी0 लाॅजेज अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ सर्वोत्तम रहे, इसके अतिरिक्त शहर के सर्वश्रेष्ठ आईलैण्ड उद्यान की श्रेणी में डीम्ड एक्यूजमेंट पार्क, बन्थरा लखनऊ को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया।

समापन समारोह में वन, पर्यावरण एवं उद्यान मंत्री श्री दारा सिंह, राज्यमंत्री श्रम एवं रोजगार श्री मनोहरलाल मुन्नु कोरी, प्रमुख सचिव राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर, प्रमुख सचिव उद्यान श्री सुधीर गर्ग, मण्डलायुक्त श्री अनिल कुमार गर्ग सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी समिति के अवैतनिक सचिव डाॅ0 धर्म पाल यादव द्वारा सभी संस्थाओं/विभागों, रेलवे, कारागार, एच0ए0एल0, नगर निगम के अलावा पुलिस विभाग, पी0ए0सी0 एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किए गए सहायोग की प्रशंसा करते हुए मीडियों को भी धन्यवाद दिया गया।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (71/24)








ादेशिक फल, शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी
राज भवन लखनऊ